# आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–29 जुलाई 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- पेरिस ओलंपिक में मनु भाकर ने देश के लिए जीता पहला पदक, निशानेबाजी में पदक जीतने वाली पहली महिला खिलाड़ी बनीं ।
- प्रधानमंत्री ने **मन की बात** कार्यक्रम में पेरिस ओलम्पिक में गये भारतीय खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने की अपील की, पीलीभीत के बाघ मित्र कार्यक्रम का भी किया उल्लेख ।
- आज से शुरू हो रहा है प्रदेश विधानमंडल का मानसून सत्र, सरकार कल पेश करेगी अनुपूरक बजट।
- सावन के दूसरे सोमवार पर शिव मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, जलाभिषेक के साथ कर रहे हैं पूजा अर्चना।

**********

पेरिस ओलंपिक में शूटिंग स्पर्धा में मनु भाकर ने कल भारत की तरफ से पहला पदक हासिल किया ।खेलों के दूसरे दिन दस मीटर एयर पिस्टल इवेंट में उन्होंने दो सौ इक्कीस दशमलव सात अंक के साथ कांस्य पदक अपने नाम कर लिया।मनु भाकर निशानेबाजी में पदक जीतने वाली पहली महिला खिलाडी हैं। निशानेबाजी में भारत को  बारह साल बाद पदक मिला है। मनु ने कहा कि आखिरी निशाने तक उन्होंने पूरा प्रयास किया। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मनु भाकर को ओलंपिक में निशानेबाजी में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बनने पर बधाई दी है।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि सरकार नशीली दवाओं के खतरे से निपटने के लिए प्रभावी कदम उठा रही है। आकाशवाणी से **मन की बात** कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने लोगों से देश को नशीली दवाओं से मुक्त करने का आह्वान किया।

***हर परिवार की यह चिंता होती है कि कहीं उनका बच्चा ड्रग्स की चपेट में ना आ जाए। ऐसे लोगों की मदद के लिए, सरकार ने एक विशेष केंद्र खोला है, जिसका नाम है – 'मानस'। ड्रग्स के खिलाफ लड़ाई में ये बहुत बड़ा कदम है। कुछ दिन पहले ही 'मानस' की हेल्पलाइन और पोर्टल को लॉन्च किया गया है। सरकार ने एक टोल फ्री नम्बर 1933' जारी किया है।***

श्री मोदी ने कहा कि कई लोग जो पहले कभी खादी उत्पादों का इस्तेमाल नहीं करते थे, वे आज बड़े गर्व के साथ खादी पहन रहे हैं। उन्होंने कहा कि खादी ग्रामोद्योग का कारोबार पहली बार डेढ़ लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है, जो चार सौ प्रतिशत की वृद्धि है। श्री मोदी ने बताया कि खादी और हथकरघा की यह बढ़ती बिक्री, बड़ी संख्या में रोजगार के नए अवसर भी पैदा कर रही है। प्रधानमंत्री  ने  पेरिस ओलम्पिक खेलों में खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने का आग्रह भी किया।

***इस समय पूरी दुनिया में पेरिस ओलिंपिक छाया हुआ है। ओलंपिक्स  हमारे खिलाड़ियों को विश्व पटल पर तिरंगा लहराने का मौका देता है, देश के लिए कुछ कर गुजरने का मौका देता है। आप भी अपने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाइए, चीयर फोर भारत।***

इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने इंटरनेशनल मैथमैटिक्स ओलम्पियॉड में भारत के विद्यार्थियों के शानदार प्रदर्शन के लिए उनकी प्रशंसा की। श्री मोदी ने शीर्ष पांच स्थान पाने वाले, देश का नाम रोशन करने वाले इन विद्यार्थियों से बातचीत भी की। उत्तर प्रदेश में ग्रेटर नोएडा के कनक तलवार ने बताया कि उन्होंने ओलम्पियाड की तैयारी सातवीं कक्षा से ही शुरू कर दी थी।

***मेरा नाम कनक तलवार है, मैं ग्रेटर नोएडा उ.प्र. में रहता हूं और कक्षा 11वीं का छात्र हूं। मैथ्स मेरा पसंदीदा सब्जेक्ट है, और मैने ओलम्पियाड की तैयारी सेवेन्थ क्लास से शुरू की थी। ये ओलम्पियाड एचबी कैंसी कैन्डंट कराता है और ये फस्ट क्रेज प्रोसेस होता है पिछले साल मेरा टी में नहीं हुआ था और मैं काफी करीब था और न होने पर बहुत दुखी था, तब मेरे पैरेंट्स ने मुझे सिखाया था हम जीतते हैं या हम सीखते हैं और सफर मायने रखता है, सफलता नहीं और तो मैं यही कहना चाहता हूं कि लव फार टू एण्ड डू फॉर ए लव।***

दुनिया भर में आज मनाये जा रहे अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस का भी प्रधानमंत्री ने जिक्र किया। उन्होंने  कहा कि बाघ भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग रहे हैं और जंगलों के आसपास के गांवों में लोग बाघ के साथ सद्भाव से रहना जानते हैं। श्री मोदी ने उत्तर प्रदेश के पीलीभीत में चल रहे बाघ मित्र कार्यक्रम का भी उल्लेख किया।

***'बाघ मित्र कार्यक्रम' बहुत चर्चा में है। इसके तहत स्थानीय लोगों को 'बाघ मित्र' के रूप में काम करने की ट्रेनिंग दी जाती है। ये 'बाघ मित्र' इस बात का पूरा ध्यान रखते हैं कि बाघों और इंसानों के बीच टकराव की स्थिति ना बने। देश के अलग–अलग हिस्सोंक में इस तरह के कई प्रयास जारी हैं।***

प्रधानमंत्री ने श्रोताओं से पंद्रह अगस्त नजदीक आने पर हर घर तिरंगा अभियान में भाग लेने के लिए भी कहा। उन्होंने लोगों को हर घर तिरंगा डॉट कॉम पर तिरंगे के साथ अपनी सेल्फी अपलोड करने के लिए प्रोत्साहित किया। श्री मोदी ने स्वतंत्रता दिवस से पहले माई जीओवी या नमो ऐप पर लोगों से सुझाव भी मांगा और कहा कि वह स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में यथासंभव अधिक से अधिक सुझावों को शामिल करेंगे।

**********

प्रदेश के वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार अरुण सक्सेना ने पीलीभीत के बाघ मित्र कार्यक्रम की **मन की बात** कार्यक्रम में सराहना करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि बाघ मित्रों के सहयोग से कई बाघों को सुरक्षित रेस्क्यू

किया गया है। प्रदेश के प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्य जीव संजय श्रीवास्तव ने भी श्री मोदी का अभार व्यक्त किया है। उन्होंने बताया कि साल 2019 से पीलीभीत में चल रहे इस कार्यक्रम को अन्य टाइगर रिजर्व में भी शुरू किया जा रहा है। प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम में पीलीभीत के बाघ मित्रों के कार्यों की प्रशंसा किए जाने पर बाघ मित्रों में भी खुशी का माहौल है।

**********

प्रदेश विधानमंडल का मानसून सत्र आज से शुरू हो रहा है। यह सत्र दो अगस्त तक चलेगा। सत्र के दौरान कल सरकार अनुपूरक बजट पेश करेगी। यह वर्ष दो हजार चौबीस पचीस के लिए प्रदेश सरकार का पहला अनुपूरक बजट होगा। मानसून सत्र के दौरान कई महत्वपूर्ण विधेयक सदन के पटल पर रखे जायेंगे। सत्र से पूर्व कल लखनऊ में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक हुई। बैठक में श्री महाना ने सभी राजनीतिक दलों से सदन के सुचारू संचालन के लिए सहयोग की अपेक्षा की।

**********

सपा के वरिष्ठ नेता माता प्रसाद पाण्डेय को उत्तर प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बनाया गया है। लखनऊ में कल सपा प्रमुख अखिलेश यादव की उपस्थिति में हुई विधायक दल की बैठक में माता प्रसाद पाण्डेय को नेता प्रतिपक्ष चुना गया है। श्री पांडेय सिद्धार्थ नगर की इटवा सीट से भी विधायक हैं। वे प्रदेश विधानसभा के दो बार अध्यक्ष रह चुके हैं। पार्टी द्वारा कमाल अख्तर को मुख्य सचेतक बनाया गया है।

**********

दिल्ली के एक कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में सत्ताइस जुलाई को हुए जलभराव की दुर्घटना में मृत विद्यार्थियों के प्रति प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शोक प्रकट किया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने लिखा है कि इस दुर्घटना का शिकार हुई अम्बेडकरनगर की छात्रा के परिजनों से मिलने और दिल्ली के अधिकारियों से समन्वय बना कर उनकी हरसंभव मदद करने का निर्देश दिया गया है।

**********

गोरखपुर सदर सीट से भाजपा सांसद और फिल्म स्टार रवि किशन ने भोजपुरी को संविधान की आठवीं सूची में शामिल करने की मांग उठाई है। इस संबंध में उन्होंने देश की संसद में विधेयक पेश किया है। उन्होंने कहा है कि भोजपुरी समाज की ओर से वर्षों से उठाई जा रही यह मांग अब हर हाल में पूरी होनी चाहिए।

**********

सर्वोच्च न्यायालय आज से तीन अगस्त तक विशेष लोक अदालत सप्ताह का आयोजन करेगा। यह पहल सर्वोच्च न्यायालय की पचहत्तरवीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में की जा रही है। आकाशवाणी से विशेष बातचीत में न्यायाधीश ऋषिकेश रॉय ने कहा कि लोक अदालत द्वारा किये जाने वाले फैसले अंतिम होते हैं और इन पर उच्च अदालतों में अपील नहीं की जा सकती है। उन्होंने बताया कि इस पहल का उद्देश्य नागरिकों को सरल और जल्द न्याय देना है।

**********

आज सावन का दूसरा सोमवार है। प्रदेश के विभिन्न शिवालयों और मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालु भगवान शिव का जलाभिषेक कर रहे हैं। वाराणसी जिले में आज श्री काशी विश्वनाथ धाम में भगवान शिव के गौरी शंकर स्वरूप का श्रंगार किया जा रहा है। आगरा और अमरोहा समेत प्रदेश के कई अन्य जिलों में आज सुबह से ही शिव मंदिरों में भक्तों की लंबी कतार लगी हुई है। प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी जिलों में कावड़ियों द्वारा भगवान शिव को जल चढ़ाने के कार्यक्रम को देखते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये हैं।

**********

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी – एनटीए ने सामान्य विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा–सीयूईटी (यूजी) दो हजार चौबीस के परिणामों की घोषणा कर दी है। यह प्रवेश परीक्षा चौदह लाख निन्यानबे हजार से अधिक पंजीकृत अभ्यर्थियों के लिए करायी गई थी। यह परीक्षा पंद्रह मई से उन्तीस मई के बीच आयोजित की गई थीं। अभ्यर्थियों को और जानकारी के लिए संबंधित विश्वविद्यालयों और संस्थानों के संपर्क में रहने को कहा गया है।

**********